1

भाषा

देखो, पढ़ो और समझो-



ऊपर दिए गए चित्रों में आपने देखा कि माँ और बेटा एक-दूसरे की बात **सुनकर**, **समझकर** और **बोलकर** जवाब दे रहे हैं।

यह स्कूल का चित्र है- इसमें दो बच्चे एक-दूसरे की बात **सुनकर-समझकर**, **बोलकर** प्रश्नों के उत्तर दे रहे हैं। इसी को **भाषा** कहते हैं।

सुनकर, बोलकर, समझकर एक-दूसरे की बातों का जवाब देना ही भाषा है। भाषा के द्वारा ही हम अपनी मन की बातों को दूसरे तक पहुँचाते हैं।

हमने सीखा

पूछना, बताना, सोचना, समझना और समझाना ही भाषा है।

मौखिक

1. **प्रश्नों के उत्तर बताइए-**

(क) आप अपने दोस्त से फ़ोन पर कैसे बात करते हैं?

(ख) आपको आम कैसा लगता है?

(ग) फलों का राजा कौन है?

(घ) आम के अंदर कितने बीज होते हैं?

शिक्षक के लिए अध्यापिका बच्चों को मौखिक रूप के एक-दो उदाहरण देकर सवाल-जवाब करें।

Scanned with CamScanner

2 भाषा के रूप

भाषा दो तरह की होती है।

मौखिक – यानी बोलना – सुनना

लिखित – यानी लिखना – पढ़ना

मौखिक रूप

ऊपर चित्र में दो दोस्त फ़ोन पर एक-दूसरे की बात **सुनकर**, **समझकर** प्रश्नों के उत्तर दे रहे हैं। ऐसी बातचीत को ही भाषा का **मौखिक** रूप कहते हैं।

लिखित रूप

ऊपर चित्र में दो दोस्त हैं। एक दोस्त अपनी कॉपी में **लिख** रहा है और दूसरा दोस्त उसको **पढ़कर समझ** रहा है। यह भाषा का **लिखित** रूप है।

अब हम कह सकते हैं कि **बोलना**, **सुनना**, **लिखना** और पढ़ना भाषा के नाम हैं।

अब आप समझ गए कि हम अपनी बातों को बोलकर, लिखकर, सुनकर, पढ़कर एक-दूसरे तक पहुँचाते हैं।

हमने सीखा

* हमारी मन की बात को भाषा ही एक-दूसरे तक पहुँचाती है।
* भाषा के दो रूप होते हैं-

  (i) मौखिक (ii) लिखित
* भाषा के काम हैं- लिखना, पढ़ना, बोलना, सुनना।

अभ्यास

1. चित्र देखकर बताइए कि बच्चे क्या कर रहे हैं?

2. चित्र देखकर बताइए कि यह भाषा का कौन-सा रूप है?

मौखिक रूप ☐

लिखित रूप ☐

मौखिक रूप ☐

लिखित रूप ☐

Scanned with CamScanner

कुछ नया करें

जो चित्र मौखिक रूप का है उसमें लाल रंग और जो चित्र लिखित रूप का है उसमें हरा रंग भरो-



शिक्षक के लिए अध्यापिका बच्चों को मौखिक रूप और लिखित रूप के उदाहरण देकर और अधिक समझाने का प्रयास करें।

Scanned with CamScanner